पत्रांक–बि0क0च0आ0–प्र0–03/परीक्षा (अधि0)–214/24
बिहार कर्मचारी चयन आयोग,
पो0–वेटनरी कॉलेज, पटना–14

आवश्यक सूचना

ज्ञापांक:–1446/आ0 पटना, दिनांक:–11.04.2025

बिहार कर्मचारी चयन आयोग द्वारा कृषि निदेशालय, बिहार, पटना के नियंत्रणाधीन बिहार कृषि प्रक्षेत्र के अंतर्गत क्षेत्र सहायक के पद पर सुयोग्य अभ्यर्थियों के चयन हेतु वि0सं0–03/25 आयोग के वेबसाइट https://bssc.bihar.gov.in पर दिनांक–09.04.2025 को प्रदर्शित कर दिया गया है।

अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन आयोग के वेबसाइट पर **दिनांक–25.04.2025 से 23.05.2025** तक की अवधि में समर्पित किया जा सकता है। आवेदन करने हेतु परीक्षा शुल्क ऑनलाइन (Credit Card/Debit Card/UPI/Net Banking आदि के माध्यम से) **दिनांक–21.05.2025** तक जमा किया जा सकता है।

परीक्षा शुल्क 02 बैंकों यथा–भारतीय स्टेट बैंक एवं आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक के माध्यम से प्राप्त किया जाना है। परीक्षा शुल्क जमा करने के समय अभ्यर्थियों को उक्त दोनों बैंक का नाम, मोड ऑफ पेमेन्ट तथा परीक्षा शुल्क की राशि प्रदर्शित होगी। बैंकों के द्वारा परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए विभिन्न मोड उपलब्ध कराये गये हैं एवं किस मोड में अभ्यर्थी को कितना भुगतान करना है, यह भी प्रदर्शित रहेगा।

अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने सुविधानुसार बैंक एवं मोड ऑफ पेमेन्ट का चयन कर परीक्षा शुल्क का भुगतान करते हुये ऑनलाइन आवेदन समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे।

इच्छुक अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे वांछित प्रमाण–पत्रों यथा–शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण–पत्र/अंक–पत्र/दिव्यांगता प्रमााण–पत्र/सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत निवास प्रमाण–पत्र/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र/जाति प्रमाण–पत्र/EWS प्रमाण–पत्र/स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनी संबंधी प्रमाण–पत्र आदि का संकलन ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व कर लें।

अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन भरने के दौरान अपने नाम, पिता का नाम, पता, लिंग, जन्मतिथि, आरक्षण कोटि, दिव्यांगता, प्रमाण–पत्र संख्या इत्यादि की विवरणी प्रविष्ट करते समय पूर्ण सतर्कता बरतेंगे क्योंकि किसी भी परिस्थिति में ऑनलाइन आवेदन–पत्र भर कर समर्पित (Submit) कर देने के पश्चात् ऑनलाइन प्रपत्र में की गई प्रविष्टियों में सुधार संभव नहीं होगा।

अभ्यर्थी अद्यतन सूचना हेतु आयोग के वेबसाईट https://bssc.bihar.gov.in का सतत् अवलोकन करते रहें।

11.04.2025
सचिव
बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।